अमर उजाला 19/01/2025

कॉलेज विद्यार्थियों ने पढ़ी संविधान प्रस्तावना शपथ

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। जीएमएन कॉलेज की एनएसएस और एनसीसी इकाइयों के सहयोग से हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान के तहत प्रस्तावना पढ़ने की गतिविधि का आयोजन किया। जिसमें स्वयंसेवकों और कैडेटों ने प्रस्तावना पढ़ने की गतिविधि में भाग लिया।

इस गतिविधि में कुल 100 विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों और कैडेटों ने भाग लिया। स्वयंसेवकों और कैडेटों को जीएमएन कॉलेज के स्टाफ सदस्यों के साथ किसी भी भाषा में प्रस्तावना पढ़ने के लिए कहा गया था। यह काफी गहन और जानकारीपूर्ण कार्यक्रम था। छात्रों को प्रस्तावना और भारत के संविधान के लिए इसके महत्व के बारे में जागरूक किया गया। संविधान भारत का सर्वोच्च कानून है। प्रिंसिपल डॉ रोहित दत्त ने छात्रों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना और इसके महत्व के बारे में बताया

पूरी तरह से गहन और जानकारी पूर्ण रहा यह कार्यक्रम

स्वयंसेवकों ने उत्साह से भाग लेकर बनाया इसे सफल

100 विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों और स्टाफ ने लिया भाग

क्योंकि यह संविधान के मार्गदर्शक सिद्धांतों और आकांक्षाओं को स्थापित करता है। यह संविधान की दिशा और उद्देश्य भी प्रदान करता है।

स्वयंसेवकों को प्रस्तावना पढ़ते समय अपनी तस्वीरें क्लिक करने और उसी ड्राइव लिंक में अपलोड करने के लिए भी कहा गया था। स्वयंसेवकों ने उत्साह के साथ भाग लेकर इसे सफल बनाया। छात्रों के अलावा विभिन्न विभागों के संकाय सदस्यों ने भी इस गतिविधि में भाग लिया।